बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-41
18/01/2021

मंत्रिमंडल का जल्द ही होगा विस्तार :– मुख्यमंत्री

पटना, 18 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जदयू पार्टी कार्यालय पहुँचकर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मुलाकात के पश्चात पत्रकारों द्वारा मंत्रिमंडल विस्तार के संबंध में पूछे गये सवाल का जवाब देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार जल्द ही होगा। इस संबंध में आपस में बातचीत चल रही है। आपस में सब कुछ ठीक है, कहीं कोई समस्या नहीं है। मंत्रिमंडल का विस्तार जब भी होगा तो आपलोगों को इसकी जानकारी मिल जायेगी।

******